हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 26 जनवरी 2025

मेट्रो सिटी

76वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

नागपुर शहर पुलिस के तत्वावधान से छायांकित 'टायगर रन' मैरेथान

छमाही उर्स का आगाज़

> दरगाह में सामूहिक कुरआन पठन, कल मनाया जाएगा जन्मोत्सव

नागपुर.

हज़रत बाबा सैयद मोहम्मद ताजुद्दीन र.अ. के छमाही उर्स का आगाज़ शनिवार को अकीदत से हुआ. उर्स की शुरुवात बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट की से दरगाह में सामूहिक क़ुरआने पाक का पठान से हुई. शहर के सभी मदरसों के विद्यार्थियों ने दरगाह परिसर में आयोजित कुरान ख्वानी में शामिल होकर क़ुरआन शरीफ की तिलावत की. उर्स के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा की मज़ार पर चादर और फूल पेश कर अमन व शांति की दुआ मांगी. इस अवसर पर प्रमुख रूप से हज़रत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जिचकार, ट्रस्टी सुरेन्द्रपाल सिंह लोहिया, हाजी फ़ारूकभाई बावला, इमरान खान ताज़ी, मुस्तफा टोपीवाला आदि मौजूद थे. दिनभर दरगाह परिसर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गए. रात में ईशा की नमाज के बाद बाबा ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया. इसके बाद कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित हुआ. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. बाबा ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह का छमाही उर्स 27 जनवरी तक मनाया जायेगा.

बाबा का जन्मदिन कल...

कल सोमवार 27 जनवरी को बाबा ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह का जन्मदिन मनाया जायेगा. इस अवसर पर सुबह 11 बजे हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट कार्यालय से शाही दरबारी संदल निकाला जायेगा. ईशा की नमाज के बाद दरगाह में मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया है. जन्मोत्सव पर ताजाबाद में केक काटा जायेगा.

बहन ने दिया भाई को जीवनदान

शहर में पहली बार किडनी प्रत्यारोपण में दूरबीन का उपयोग

नागपुर. गंगाकेयर अस्पताल ने एक और महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल में पहलीबार लैप्रोस्कोपिक तकनीक (दूरबीन) का उपयोग करते हुए एक सफल किडनी रिमूवल सर्जरी की गई। इस सर्जरी में जीवित दाता से किडनी निकाली गई, जो कि चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। इस ऑपरेशन की पूरी टीम में शामिल थे. डॉ. रवि देशमुख (कंसल्टंट-यूरोलॉजिस्ट और किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन), डॉ. अक्षय कृपलानी (कंसल्टंट-यूरोलॉजिस्ट और किडनी ट्रांस प्लांट सर्जन), डॉ. उत्कर्ष देशमुख (कंसल्टंट-नेफ्रोलॉजिस्ट और किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन), डॉ. वैभव विनकरे (कंसल्टंट-यूरोलॉजिस्ट और किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन) डॉ. अक्षय बाहे (एनेस्थेटिस्ट) डॉ. नितिन चोपडे (एनेस्थेटिस्ट)। लैप्रोस्कोपिक(दूरबीनद्वारा) किडनी रिमूवल सर्जरी में कई महत्वपूर्ण फायदे हैं।

इस तकनीक में छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे रोगी को कम दर्द होता है, रिकवरी जल्दी होती है, और अस्पताल में भर्ती की अवधि भी कम होती है। इसके अलावा, इस सर्जरी में संक्रमण का खतरा भी कम होता है। हालांकि, जैसे किसी भी सर्जरी में जोखिम होते हैं, वैसे ही दूर बीन द्वारा किडनी रिमूवल सर्जरी में भी कुछ जोखिम थे, लेकिन सर्जरी पूरी तरह से सावधानी और कुशलता से की गई। इस प्रक्रिया में जीवित दाता की किडनी को सुरक्षित तरीके से निकाला गया और यह पूरी तरह से सफल रही। गंगाकेयर अस्पताल में यह पहली बार था जब दूरबीन तकनीक का उपयोग करके जीवित दाता से किडनी निकाली गई। यह सफलता केयर अस्पताल के चिकित्सा पेशेवरों की दक्षता और समर्पण का प्रमाण है।

इस सर्जरी में जीवित दाता के लिए रिकवरी जल्दी होती है, और ऑपरेशन के बाद जीवित दाता को 3 या 4 दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है और सामान्य गतिविधियां भी जल्दी शुरू की जा सकती हैं। प्राप्तकर्ता के लिए भी रिकवरी का समय अच्छा होता है और इस सर्जरी से जीवन की गुणवत्ता में सुधार आता है। एनेस्थेटिस्टटीमने ऑपरेशन के पहले, दौरान और बाद में जीवित दाता और प्राप्तकर्ता की स्थिति को बारीकी से मॉनिटर किया। मरीज की शारीरिक स्थिति के अनुसार सही एनेस्थीसिया दिया गया, ताकि सर्जरी के दौरान कोई समस्या न हो और दोनों मरीजों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए थे। केयर अस्पताल भविष्य में इस दूरबीन तकनीक का और विस्तार करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि और अधिक मरीजों को इस उन्नत तकनीक का लाभ मिल सके।

केयरअस्पताल हमेशा अपने मरीजों को सर्वोत्तम इलाज देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केयर अस्पताल ने किडनी दाता का दूरबीन द्वारा किडनी रिमूवल सर्जरी में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस सफल सर्जरी के माध्यम से अस्पताल ने अपनी चिकित्सा क्षमताओं को और भी सशक्त किया है और भविष्य में और भी जटिल ऑपरेशन करने की क्षमता दिखाई है। केयर अस्पताल की चिकित्सा टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई।

केयर हॉस्पिटल के बारे में...

केयर हॉस्पिटल्स ग्रुप एक बहु-विशेषता स्वास्थ्य सेवा प्रदाता है जो भारत के 6 राज्यों के 7 शहरों में 16 स्वास्थ्य देख भाल सुविधा एं संचालित करता है। नेटवर्क की मौजूदगी हैदराबाद, भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम, रायपुर, नागपुर, इंदौर और औरंगाबाद में है। दक्षिण और मध्य भारत में एक क्षेत्रीय नेता और शीर्ष 5 अखिल भारतीय अस्पताल श्रृंखला ओंमेंगिना जानेवाला केयर हॉस्पिटल 2700 से अधिक बेड के साथ 30 से अधिक नैदानिक विशिष्टता ओं में व्यापक देख भाल प्रदान करता है। केयर हॉस्पिटल्स एवर केयर ग्रुप के तत्वावधान में संचालित होता है, जो एक प्रभाव-संचालित स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क है जो पूरे दक्षिण एशिया और अफ्रीका में अपनी सेवाएं प्रदान करता है।

आज फुटाला रोड पर यातायात परिवर्तित

नागपुर. गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर साल की तरह इस बार भी नागपुर के फुटाला तलाव चौपाटी रोड पर बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इस वजह से यातायात में परेशानी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसे देखते हुए नागपुर शहर के यातायात विभाग ने आज सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक फुटाला तलाव चौपाटी रोड पर यातायात प्रतिबंध और मार्ग परिवर्तन के आदेश जारी किए हैं। फुटाला तालाब (वायुसेना नगर) अंबाझरी टर्निंग से फुटाला तलाव टी पॉइंट तक सभी प्रकार की यातायात बंद रहेगी। वाडी नाका की ओर से फुटाला तालाब जाने वाली यातायात वाडी नाका से रविनगर मार्ग पर परिवर्तित की जाएगी। भरतनगर की ओर से आने वाली यातायात अमरावती रोड/रविनगर महादेव मंदिर और वायुसेना नगर के रास्ते मोड़ी जाएगी। महादेव मंदिर तेलंगखेड़ी की ओर से फुटाला तालाब जाने वाली यातायात, फुटाला तालाब टी पॉइंट से वायुसेना नगर के रास्ते मोड़ी जाएगी। इसी प्रकार वायुसेना नगर की यातायात महादेव मंदिर तेलंगखेड़ी मार्ग से मोड़ी जाएगी। किसी भी स्थिति में यातायात को जरूरत के अनुसार मोड़ने का अधिकार मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के पास रहेगा। पुलिस ने नागरिकों से अपील है कि 26 जनवरी को दिए गए निर्देशों का पालन करें, ताकि यातायात सुचारू रहे और असुविधा से बचा जा सके। यातायात विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

नाबालिग गर्लफ्रेंड के साथ लूटपाट, 2 आरोपी गिरफ्तार

नागपुर. हिंगना पुलिस ने चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। मामला 20 जनवरी की रात का है, जब कळमेश्वर निवासी पंकज विठ्ठल बावणकर अपनी मोटरसाइकिल से अमरावती बायपास रोड पर घर जा रहे थे। बालाजी राजस्थानी होटल के पास, एक सफेद रंग की दोपहिया वाहन पर सवार दो युवक और एक युवती ने उनकी गाड़ी रोककर उनका मोबाइल, पर्स (जिसमें ₹3000 नकद, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, आरसी बुक आदि थे), और एक अन्य बैग जिसमें मोबाइल फोन था, जबरन छीनकर फरार हो गए। इस घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। हिंगना पुलिस और क्राइम ब्रांच यूनिट 1 की टीम ने तकनीकी जांच और पुख्ता जानकारी के आधार पर जाल बिछाकर आरोपियों को पकड़ने में सफलता पाई।

कस्तूरचंद पार्क में आज पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले करेंगे ध्वजारोहण

नागपुर. भारतीय गणतंत्र दिवस को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है. 26 जनवरी को सुबह 9:15 बजे राज्य के राजस्व मंत्री और जिला संरक्षक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले कस्तूरचंद पार्क मैदान में ध्वजारोहण कार्यक्रम करेंगे. इसके लिए कस्तूरचंद पार्क में आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पालकमंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले ध्वजारोहण के बाद नागरिकों को संबोधित करेंगे। इस समय स्कूली छात्रों का अभ्यास, पुलिस बलों की लयबद्ध चाल देखने को मिलेगी. पथ संचलन में विभिन्न टीमें भाग ले रही हैं। इसमें छात्र, छात्राएं, पुलिस श्वान दल, चित्ररथ सहित पुलिस बल रहेंगे. जिला प्रशासन ने नागरिकों से इस समारोह में शामिल होने की अपील की है.

चोरों ने घर से उड़ाए 2.26 लाख के गहने

नागपुर.

गणेशपेठ पुलिस थाना अंतर्गत नवी शुक्रवारी परिसर स्थित एक बंद घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने करीब 2.26 लाख के माल पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने रोहित राजाभाऊ आकरे (36) कर्नलबाग रोड, नवी शुक्रवारी, गणेशपेठ निवासी की फरियाद पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार चोरों ने उनके पिता के घर से ₹2.26 लाख की कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के चोरी किए थे। यह घटना 22 जनवरी 2025 की रात 8 बजे से 24 जनवरी 2025 की सुबह 8 बजे के बीच हुई। फिर्यादी के पिता घर पर ताला लगाकर अपने बड़े बेटे के पास राजकोट, गुजरात गए हुए थे।

विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर को उत्साहपूर्ण प्रतिसाद

नागपुर.

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग तथा महिला अध्ययन एवं विकास केंद्र ने लाइफलाइन ब्लड बैंक एवं प्रयोगशाला नागपुर के सहयोग से बुधवार, 22 जनवरी 2025 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। लगातार तीसरे वर्ष विभाग में आयोजित रक्तदान शिविर को उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया मिली। विश्वविद्यालय प्रबंधन परिषद के सदस्य डॉ. देवेन्द्र भोंगाडे, इंटरफैकल्टी के डीन डॉ. डॉ. प्रशांत कडू, नॉलेज सेंटर के निदेशक एवं छात्र विकास विभाग के प्रभारी निदेशक. डॉ. विजय खांडल एवं लाइफलाइन ब्लड बैंक एवं एक्सपेरिमेंटल स्कूल के चिकित्सा निदेशक। कार्यक्रम का उद्घाटन हरीशजी वर्भे ने किया. शैक्षिक विभाग में शैक्षिक गतिविधियाँ सदैव होती रहती हैं। लेकिन यह विभाग जो सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ रक्तदान शिविर जैसे कार्यक्रम को सफल बनाता है वह सराहनीय है, ऐसा डॉ ने कहा. देवेन्द्र भोंगाडे ने प्रोत्साहन देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। रक्तदान को सर्वोत्तम दान माना जाता है और विभाग द्वारा लगातार तीसरे वर्ष भी इस संस्था की सराहना की जा रही है। विजय खांडल ने शुभकामनाएं दीं। विभागाध्यक्ष डॉ. कार्यक्रम में मंगला हिरवाडे के उचित मार्गदर्शन का लाभ मिला। विभाग में प्रोफेसर डॉ. शालिनी लिहितकर, डॉ. सत्यप्रकाश निकोसे, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और पूर्व छात्रों के सहयोग से शिविर सफल रहा। शिविर को पूर्व छात्र रजत चोपड़े और चामू के बहुमूल्य योगदान से लाभ हुआ। डॉ. विभाग प्रीति उमरेडकर ने औपचारिक भाषण में उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की। कार्यक्रम को रक्तदाताओं से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

रंजिश के चलते युवक की निर्मम हत्या

हथियारों से वार कर दिनदहाड़े मौत के घाट उतारा

नागपुर. पारडी थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम रंजिश के चलते 24 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान हर्ष राजू शेंडे (24) निवासी ब्रह्मानंद कॉलोनी, हिवरीनगर के रूप में हुई है.

पुलिस के अनुसार, यह हत्या 2018 के अमोल हुमने हत्याकांड से जुड़ी पुरानी रंजिश का नतीजा है। हर्ष इस मामले में आरोपी था, लेकिन नाबालिग होने के चलते उसे राहत मिल गई थी। अमोल के दोस्तों सौरभ बोरकर और दुर्गेश लारोकर ने तभी से हर्ष के खिलाफ मन में गुस्सा पाल रखा था। शनिवार शाम करीब 4 बजे हर्ष प्रजापतिनगर मेट्रो स्टेशन के पास से चंद्रनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सौरभ, दुर्गेश और उनके दो अन्य साथियों ने उसे घेर लिया और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लगातार वार होने से हर्ष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी निकेतन कदम और पारडी थाने के प्रभारी रणजीत सिरसाठ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि, घटनास्थल से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ। डीबी स्क्वाड और क्राइम ब्रांच की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस ने मेट्रो स्टेशन के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। सौरभ और दुर्गेश के नामों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि अन्य दो आरोपियों की पहचान की जा रही है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है इस निर्मम हत्या के बाद इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटना का असली कारण पता लगाने के लिए सभी संभावित पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

डिजिटल युग में पढ़ने की संस्कृति महत्वपूर्ण है: विधायक ठाकुर

कोंढाली.

किताबें पढ़ने से व्यक्ति का मन और मस्तिष्क गहरा होता है। सोच को उत्तेजित करता है और व्यक्तिगत और व्यावसायिक शैक्षणिक जीवन में प्रगति के लिए प्रेरित करता है। आज के डिजिटल युग में पढ़ने की संस्कृति को जीवित रखना और भी जरूरी हो गया है। विधायक चरण सिंह ठाकुर ने कोंढाली नगर पंचायत की ओर से शुरू किए गए ज्ञान संवर्धन केंद्र (वाचनालय) का उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

कोंढाली नगर पंचायत की ओर से कोंढाली ज्ञानार्जन केंद्र (पुस्तकालय) का उद्घाटन के अवसर पर कोंढाली नगर पंचायत के प्रशासक धनंजय बोरिकर द्वारा व्यक्तित्व विकास के लिए ज्ञानार्जन केंद्र के महत्व बताते हुए, कहा कि पढ़ना व्यक्तित्व विकास का पूरक है. पढ़ना शब्दावली, लेखन कौशल, ज्ञान अर्जन, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक सोच के विकास में बहुत योगदान देता है। आज व्यक्तिगत विकास पुस्तकें, कहानियाँ, उपन्यास, आत्मकथाएँ, कविता, स्व-सहायता पुस्तकें, और रचनात्मकता , तथा स्पर्धा परीक्षाओं के लिये आवश्यक विभिन्न विषयों पर पुस्तकों का उत्कृष्ट भंडार उपलब्ध है। हर किसी को अपनी पसंद के हिसाब से किताबें पढ़नी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वाचन तथा अध्ययन से न केवल संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में लाभ होगा बल्कि उनमें कई तरह से बैदद्धिक बदलाव भी आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक किताबें उपलब्ध है और भी अत्यावश्यक किताबें उपलब्ध कराई जायेगी. जिससे कई छात्र पढ़ने की ओर रुख कर सकते हैं। डिजिटल मीडिया और स्क्रीन टाइम जैसे सहायक पहलुओं के बारे में चिंताएं बढ़ने के बावजूद लोग पढ़ने की ओर रुख कर रहे हैं। विधानसभा चरणसिंग ठाकूर ने लड़कियों के लिए भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त ज्ञान अर्जन केंद्र शुरू करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर पूर्व सभापति शेषराव चाफले, पूर्व जिप सदस्य पुष्पा ताई चाफले, प्रो. देवीदास कठाने, बाल किसन पालीवाल, उत्तमराव गिरडकर, विशाल कालबांडे, किशोर गाडवे, मारोतराव बोरकर, शामराव तायवाड़े, निखिल जयसवाल, मुन्ना सिंह सेंगर, आकाश जैन, प्रमोद चाफले, रोशन वाघाड़े, मनोज गोरे, गौरव ठवले,और ज्ञानार्जन केंद्र के सभी छात्र और नगर पंचायत अधिकारी रितेश श्रीनगरे नगर अभियंता, गौरव लोंडे कर अधीक्षक, (कल प्रभारी अधिकारी), करण घिचर्या-स्वच्छता निरीक्षक, सतीश कदम लेखाकार, हर्षल सोनार नगर अभियंता पवन वैद्य लिपिक, वंदना जयपुरकर लिपिक, विजय गेडाम लिपिक, पुरूषोत्तम ईखर लिपिक, नागोराव गौरखेड़े लिपिक सहित ग्राम के युवा एवं नागरिक उपस्थित थे।

दिनेश बिल्लरवान बने भाजपा जिला मंत्री

कामठी.

अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय संयोजक दिनेश बिल्लरवान को भाजपा जिला मंत्री बनाया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिनेश बिल्लरवान का स्वागत किया। पार्टी संगठन ने उन्हें अब जिला मंत्री का पद सौंपा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने दिनेश बिल्लरवान को भाजपा ज़िला मंत्री पद का नियुक्ति पत्र सौंपकर भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस नियुक्ति पर दिनेश बिल्लरवान ने भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, भाजपा नागपुर जिला अध्यक्ष सुधाकर कोहले, वाल्मीकि महासभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रवि करोसिया, कामठी भाजपा के पालक मनीष वाजपाई का आभार व्यक्त किया. इस नियुक्ति पर राजु परदेसी, दिनेश जाधव, सरपंच मनोहर टाकभंवरे, अनील बागडे, रिंकू चव्हाण, दुर्गा कोरी, दीपक परदेसी, राज मेहरोलिया, किशोर उज्जैनवार, रामगोपाल गोयल, सुरेश चिंटोले, आशीष केशरी, विशाल हाड़ोती, सोनू रील, बबलु मेहरोलिया आदि ने अभिनंदन किया है।

माया चवरे चलाएंगी 'संविधान गौरव अभियान'

कामठी.

समाजवादी पार्टी महिला सभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व कामठी नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे (उटवाल) ने बताया कि 'संविधान गौरव अभियान' के तहत महिलाओं के अधिकार को लेकर महाराष्ट्र प्रदेश में गणतंत्र दिवस, रविवार 26 जनवरी से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रदेश, शहर और गांव स्तर पर चलाया जाएगा। क्योंकि इस साल संविधान के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। उन्होंने बताया कि जनजागृति अभियान में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा। जनजागृति अभियान का समापन 14 अप्रेल को महू-इंदौर में किया जाएगा।

ओमनगर में शिवलिंग, नंदी बैल, श्री गणेश, हनुमानजी की मूर्ति स्थापना-प्राण प्रतिष्ठा हुई

कामठी.

रणाला स्थित ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा मंदिर के विस्तारीकरण नव निर्माण के तहत 5आयोजित चार दिवसीय शिव परिवार प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। पंडितों में आचार्य आनंद मिश्रा (बनारस-काशी), प्रज्वल शास्त्री (बनारस-काशी), रघुवर प्रसाद मिश्रा ने विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग, नंदी व श्री गणेश, श्री हनुमान मूर्ति की विधिवत स्थापना करते हुए प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न करवाया। इस दौरान पूर्णाहुति, कलश स्थापना, कलश यात्रा, शिव-पार्वती शोभा यात्रा व भंडारे के आयोजन हुए। प्राण-प्रतिष्ठा के तहत मंदिर परिसर की फूलों से आकर्षक सजावट की गई थी। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद आचार्य आनंद मिश्रा के निर्देशन में पंडितों ने मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की प्राण- प्रतिष्ठा की। पूजा यजमान पायल सुमित अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय की प्रमुख उपस्थिति में विधिवत पूजन करके कार्यक्रम की शुरूआत की. आचार्य आनंद मिश्रा ने वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना कराई. उसके बाद भक्तों ने दरबार में माथा टेका और प्रभु की महिमा का गुणगान किया. भोले बाबा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा. कार्यक्रम के अंत में भक्तों ने प्रभु को भोग लगाकर व भव्य आरती के दर्शन करके आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरान पूरा मंदिर भगवान के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर महाआरती हुई। आरती के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हवन कुंड की परिक्रमा भी की। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत के सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, सदस्य मंगला अशोक ठाकरे, सदस्य प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, सदस्य स्वप्नील फुकटे, छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव, उपाध्यक्ष सोमेश जेटली सहित हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। शाम 7 बजे से प्रारंभ हुआ भंडारा देर रात तक चला। ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति के उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव एवं मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी ने बताया कि शोभायात्रा में लगभग 51 कन्या व महिलाओं ने भाग लिया.

शोभा यात्रा की शुरुआत मार्गदर्शन में ओमनगर दुर्गा मंदिर परिसर से शुरू हुई, कलश यात्रा पंकज मंगल कार्यालय चौक होते हुए कलमना रोड, चंपा आश्रम, गरुड़ा चौक, माल रोड स्थित कन्हान नदी पर महादेव घाट पर जल भरकर भ्रमण करते हुए पुनः विस्तारीकरण नवनिर्मित दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां कलश को रखा गया. इसके बाद कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. इसी क्रम में दुर्गा मंदिर में नए बने ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान शिवलिंग, नंदी बैल के स्थान पर शिव-पार्वती बने शौर्यांश विश्वकर्मा एवं तनया ऋषि भायदे की सजीव झांकी के साथ श्री गणेश, हनुमानजी की मूर्ति की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा दुर्गा मंदिर से निकलकर राम मंदिर, नाग मंदिर होते हुये अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचा। गांव भ्रमण जुलूस में वृद्ध महिलाओ का भी उत्साह देखते बन रहा था हर हर महादेव, जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारे से पूरा वातावरण गूंज रहा था। कार्यक्रम के सफलतार्श दुर्गा उत्सव समिति के उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव, मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, सहसचिव श्रावण केझरकर, सहसचिव देवेश दिनेश ठाकरे, कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय, सदस्य नीलम राजकुमारसिंह बघेल, सदस्य राजेश पिल्ले, सदस्य प्रमोद बावनकुले, सदस्य अशोक ठाकरे, सदस्य यशवंत आरेकर, सदस्य दीपक माणिकराव निकोसे, सदस्य राजकुमार सिंह बघेल, सदस्य आकाश काटरपवार, सदस्य भारती प्रमोद ठाकरे, सदस्य रश्मि प्रमोद जैन, व्यवस्थापक पुरुषोत्तम वघरे आदि ने कड़ी मेहनत किए.

ट्रक की टक्कर से कांद्री निवासी की मृत्यु

कन्हान.

पुराने पुलिस स्टेशन के निकट महामार्ग पर रोड के टर्निंग पॉइंट पर 10 चक्का ट्रक की टक्कर से कांद्री ग्राम निवासी मेहतलाल डेहारिया उम्र 75 वर्ष की मृत्यु हो गई।प्राप्त मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 24 जनवरी को दोपहर 1 बजे के दरमियान कन्हान के पुराने पुलिस स्टेशन के पास ट्रक क्रमांक एम एच 40 एके 7355 ट्रक की टक्कर से पैदल चल रहे वृद्ध मेहतलाल डेहरिया को ज़ख्मी हो गया। तुरंत ट्रैफिक पुलिस अनिल यादव, शैलेश वराडे तथा नागरिकों के सहयोग से प्राथमिक आरोग्य केंद्र ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। कन्हान पुलिस ने ट्रक का पीछा कर धन्यवाद गेट कन्हान के पास रोककर ट्रक चालक प्रेम सिंह अमर सिंह पलियाड छत्तीसगढ़ उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया। मामले की जांच कन्हान के थानेदार राजेंद्र पाटिल के मार्गदर्शन में पुलिस कर्मचारी कर रहे हैं।

फनटाइम किड्स में हल्दी-कुमकुम उत्सव

नागपुर.

फनटाइम किड्स प्रीस्कूल और डेकेयर सेंटर काटोल रोड में हल्दी कुमकुम बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल और डेकेयर के सभी स्टाफ ने ब्लैक ड्रेस कोड पहनकर हल्दी कुमकुम में भाग लिया। स्कूल की निदेशक देबाश्री चटर्जी ने कर्मचारियों को संबोधित किया और कार्यस्थल पर उनकी टीम वर्क और बॉन्डिंग को प्रोत्साहित किया।

मंत्री बावनकुले ने ड्रैगन पैलेस को दी सद्भावना भेंट

> कुंभारे ने गौतम बुद्ध की मूर्ति प्रदान कर सम्मानित किया

कामठी.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कामठी - मौदा विधानसभा से चुनकर आने और महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री और नागपुर जिले के पालक मंत्री बनने पर, वे पहली बार विश्व - प्रसिद्ध ड्रैगन पैलेस टेंपल में अपने निर्वाचन क्षेत्र में शनिवार को सद्भावना भेंट दिया। इस अवसर पर, ड्रैगन पैलेस टेंपल में चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में एक विशेष बुद्ध वंदना की गई। ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख और पूर्व राज्य मंत्री एड. सुलेखा कुंभारे द्वारा चंद्रशेखर बावनकुले को एक शॉल, तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति और पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समय, निंबजी अखड़ी के प्रमुख व नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम के प्रतिनिधिमंडल ने 28 तारीख में निंबाजी अखाड़ा कार्यक्रम में भाग लेने हेतु निमंत्रण किया। चंद्रशेखर बावनकुले ने निमंत्रण को स्वीकार कर उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की।

इसके अलावा, समाजकार्य महाविद्यालय, हरदास नगर, कोलसाटाल, कुंभारे कॉलोनी, छावनी क्षेत्र आदि के प्रतिनिधिमंडल भी निवेदन दिए, चंद्रशेखर बावनकुले ने 9 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ड्रैगन पैलेस टेंपल में जनसंवाद करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर दिपक सिरीया, दिपंकर गणविर, चंदु लांजेवार, अनुभव पाटील, अफजल अंसारी, प्रतिक पडोले, उज्वल रायबोले, लालसिंग यादव, सुभाष सोमकुवर, अनिरूध्द यादव, विनोद आवले, देवेंद्र जगताप, विनोद जुमडे, दिलीप बोबडे, प्रफुल वासे, विजय अलोणे, संजय सुके, अजमत अंसारी, विशाखा पाटील, निशा फुलझेले, वैशाली घाटोले, सुकेशीनी मुरारकर, सावला सिंगाले, रेखा भावे, रजनी गजभिये, अंबरीन फातीमा, रूबीना अंसारी, शेजल मानवटकर, प्राजक्ता भुरे, दिशा पिल्ले, लता सांगोडकर, स्वर्णलता सुखदेवे, पल्लवी वासे आदि ने चंद्रशेखर बावनकुले का स्वागत किया।

वीडियो गेम पार्लर पर अपराध शाखा की छापेमारी

> आंकों का जुआ: पांच गिरफ्तार, एक फरार

हिंगनघाट.

आठवड़ी बाजार परिसर में स्थित एक वीडियो गेम पार्लर पर छापा मारते हुए पुलिस ने आंकों के जरिए चल रहे जुए पर बड़ी कार्रवाई की। इस छापेमारी में अपराध शाखा ने पार्लर से 10 इलेक्ट्रॉनिक मशीनें और अन्य सामान जब्त किया है। इनमें एम-28, मेट्रो, हाई फाइव, क्रेजी बोनस, सिक्स लाइनर, मास्टर, हॉलिडे, विंग्स, मिंट, और हेलो विन जैसी कंपनियों की मशीनें शामिल हैं। प्रत्येक मशीन की कीमत लगभग 20,000 रुपये आंकी गई है। कुल मिलाकर 2 लाख 10 हजार रुपये का सामान जब्त किया गया।

इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने छह जुआरियों को हिरासत में लिया, जबकि एक आरोपी फरार होने में कामयाब रहा। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें सुरेश किसन गायकवाड़ (37), मनोज सूर्यभान येरमे (40), गोविंद करमचंद सौदे (32), रविंद्र विठ्ठल हुसले (38), और ताज खान मुनव्वर खान (33) शामिल हैं।

सूचना के मुताबिक, पिछले कुछ समय से आठवड़ी बाजार क्षेत्र के इस वीडियो गेम पार्लर में जुए का खेल चल रहा था। पुलिस ने यह छापा जुए के खिलाफ चल रही विशेष मुहिम के तहत मारा। यह कार्रवाई पुलिस उपनिरीक्षक प्रकाश लसुंते, नरेंद्र पाराशर, अरविंद येनुरकर, नितिन इटकरे और सागर भोसले ने अंजाम दी। पुलिस ने जुआ और इस तरह के अवैध कामों पर सख्त कदम उठाने की बात कही है।

भारत विद्यालय हिंगनघाट में कॉपीमुक्त अभियान की शपथ

हिंगनघाट.

फरवरी 2025 में होने वाली उच्च माध्यमिक व माध्यमिक शालांत प्रमाणपत्र परीक्षाओं (20 जनवरी से 26 जनवरी 2025) के अंतर्गत कॉपी मुक्त अभियान के तहत जनजागृति सप्ताह मनाया जा रहा है।

भारत उच्च माध्यमिक व माध्यमिक विद्यालय, हिंगणघाट में 24 जनवरी 2025 को शालेय पाठ समय में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. गजानन सयाम और किशोर चवरे ने विद्यार्थियों को कॉपी मुक्त परीक्षा देने की शपथ दिलाई। इस दौरान विद्यार्थियों को नियम और शर्तों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का उपयोग न करने और आत्मविश्वास व निर्भीकता से परीक्षा देने की शपथ ली। इसके साथ ही उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजू कारवटकर ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में मनोबल को कैसे बनाए रखें, बिना घबराए प्रश्न पत्र का समाधान कैसे करें और अभ्यास के दौरान आत्मविश्वास को कैसे बढ़ाएं। विद्यालय के इस कदम को विद्यार्थियों और अभिभावकों ने सराहा है।

गणतंत्र दिवस पर अग्निहोत्री कॉलेज में भव्य झांकी का आयोजन

वर्धा.

26 जनवरी 1950 को स्वतंत्र भारत ने संविधान को स्वीकार कर लोकतंत्र के नये युग की शुरुआत की। लोकतंत्र जनता द्वारा, जनता के लिए चलाया जाने वाला राज्य है। इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।गणतंत्र दिवस हर भारतीय के दिल में एक विशेष स्थान रखता है। इस विशेष दिन पर, हमें एक साथ आना चाहिए और विविधता, समृद्ध संस्कृति, भाषा और परंपराओं में अपनी एकता का जश्न मनाना चाहिए जो हमें एक राष्ट्र के रूप में परिभाषित करते हैं। यह दिन न्याय, स्वतंत्रता और मूल्यों का प्रतीक, विशाल राष्ट्रीय गौरव का दिन है. भारत की लोकतांत्रिक नींव और संविधान में समानता निहित है जो झांकी के माध्यम से देश की संस्कृति, परंपरा, एकता, त्याग और बलिदान को प्रदर्शित करने के लिए जय महाकाली शिक्षण संस्थान के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों द्वारा भव्य झांकी का आयोजन किया गया है और इस झांकी को शहर के मुख्य मार्ग पर प्रदर्शित किया जाएगा।

फिर से एक पेड़ को जीवनदान, वृक्षमित्र परिवार ने किया सफल पुन:रोपण

हिंगनघाट.

राष्ट्रीय राजमार्ग पर कलोडे चौक के पुल निर्माण कार्य के दौरान मार्ग में आने वाले एक कड़ू नीम के पेड़ को वृक्षमित्र परिवार ने सफलतापूर्वक पुन:रोपण कर उसे जीवनदान दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कड़ू नीम का यह पेड़ पुल निर्माण के लिए बाधा बन रहा था और इसे काटने की योजना थी। लेकिन वृक्षमित्र परिवार के सदस्यों ने इस पेड़ को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने तुरंत नांदगांव चौक स्थित संबंधित कार्यालय पहुंचकर मुख्य अधिकारी श्री खान से मुलाकात की और पेड़ को मूल सहित दूसरी जगह स्थानांतरित करने के लिए मशीनरी और कर्मचारी प्रदान करने की मांग की।

मुख्य अधिकारी ने भी वृक्ष संरक्षण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए इस मांग को तुरंत स्वीकार किया। इसके बाद वृक्षमित्र परिवार ने पेड़ को मूल सहित निकालकर मिलिंद मोटर्स के सामने स्थित एक खुले स्थान पर सफलतापूर्वक पुन:रोपण किया।

वृक्षमित्र परिवार की इस सहृदयता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि प्रकृति की रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस कार्य से संत तुकाराम महाराज के शब्द, "वृक्षवल्ली आम्हा सोयरे वनचरे," को साकार किया गया है। वृक्षमित्र परिवार के इस प्रयास की हर ओर सराहना हो रही है।

अजीत कड़कड़े का भक्तिसंगीत गायन 27 को

>विश्वशांति धाम, धोतरा रेलवे में आयोजन

वर्धा.

महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत एवं भक्ति गायक पंडित अजीत कड़कडे ने सोमवार 27 जनवरी को शाम 6 बजे विश्वशांति धाम संस्थान, धोत्रा (रेलवे) में भक्ति गायन कार्यक्रम का आयोजन किया है.

सद्गुरु परमहंस श्री. कृष्णगिरि महाराज की पुण्य तिथि के अवसर पर एवं स्व. शंकरबाबा गुल्हाने एवं विमलआई गुल्हाने की स्मृति में क्षेत्र के संगीत प्रेमियों एवं नागरिकों को सूचित किया गया है कि मुंबई के प्रख्यात अभंग सम्राट व भक्तीगीत गायक पंडित अजित कड़कड़े द्वारा प्रस्तुत भक्ति संगीत समारोह में अवश्य भाग लें।

निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

प्रतीक्षा घोडके

नागपुर. पुराने सक्करदरा की निवासी प्रतीक्षा अमरदीप घोडके आयु 44, का शनिवार 25 जनवरी, 2025 को निधन हो गया। आज रविवार दोपहर 2 बजे उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार गंगाबाई दहनघाट पर किया जाएगा।

अयोध्या की तर्ज पर हो रामटेक तीर्थक्षेत्र का विकास

> तीर्थक्षेत्र विकास के 150 करोड़ अभी तक नहीं मिले

रामटेक.

अयोध्या, वाराणसी, शेगांव, शिर्डी व अन्य प्रमुख तिर्थस्थलों की तरह रामटेक क्षेत्र का भी विकास होना जरूरी हैं. अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण होने के साथ ही वहां प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा भी कर दी गई, इसके बावजूद पुरातन तीर्थक्षेत्र रामटेक के विकास के संबंध में अभी तक कोई भी ध्यान नहीं दिया जाना आश्चर्य हैं. रामटेक विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डी. मल्लिकार्जुन रेड्डी ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस संबंध में दिये अपने पत्र में उनका इस संबंध में ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि वर्ष 2017 में उनके मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए रामटेक में 150 करोड़ रुपये का तीर्थक्षेत्र विकास प्रस्ताव मंजूर किया गया किया गया था. परंतु उस प्रस्ताव के तहत निधि की पूर्ती रामटेक को अभी तक नहीं की गई. इससे तीर्थक्षेत्र विकास प्रस्ताव के तहत शुरू बहुतांश विकास कार्य अधर में ही लटके पड़े हुए हैं. रामटेक में गड़ मंदिर व परिसर के काम कबाड़ अवस्था में पहुंच गये हैं. उस कार्य की लागत भी आज

काफी बढ़ गई हैं. रेड्डी ने बताया कि अयोध्या, वाराणसी, शेगांव, शिर्डी व अन्य तीर्थ स्थलों की तरह विदर्भ में विकास का केंद्र बिंदू रामटेक तीर्थ क्षेत्र का भी विकास किया गया तो यहां भी काफी प्रमाण में भक्त दर्शनार्थ पहुंच सकते हैं. इसी के साथ यहां विकास कार्यो को गति मिलने से क्षेत्र में आर्थिक स्तर भी ऊंचा होगा. वर्ष 2025 के बजट में रामटेक के विकास के लिए 200 करोड़ की निधि उपलब्ध कराने की विनती रेड्डी ने मुख्यमंत्री फडणवीस से की हैं.

प्रभुरामचंद्र के पदस्पर्श से पावन हुआ गड़ मंदिर

अयोध्या में राममंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी 24 को हुआ. रामटेक और गडमंदिर पर भी 22 जनवरी 24 को जश्न हुआ. रामटेक गड़ मंदिर के विकास में ग्रहण लगा हुआ है. सिंधुरागिरी पर्वत के माथे पर स्थित श्रीरामचंद्र मंदिर का इतिहास 2000 साल का यानी करिबन चौथी शताब्दी का है. यह दंडकारण्य का प्रदेश था. इस पर्वत को तपोगिरी, रामगिरि, सिंदुरागिरी के नाम से जाना जाता था. इसके पूर्व रामायण काल में भगवान श्रीराम ने यहां आकर अगस्ति मुनि के कहने पर राक्षसों का वध किया था व प्रतिज्ञा ली थी कि राक्षसों का समूल वध करेंगे. भगवान राम की इस प्रतिज्ञा पर ही शहर का नाम रामटेक पड़ा है. इतना धार्मिक महत्व होने पर भी भगवान राम का गड़ मंदिर वनवास में हैं. 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में नये राममंदिर का निर्माण हुआ. वहां नये रेलवे स्टेशन से लेकर नये विमानतल बन गये. किन्तु रामटेक में प्राचीन धार्मिक श्रीराम मंदिर क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है. परिसर के विकास में भारी उपेक्षा हुई है. रामटेक क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार ने 21 मई 18 को तीर्थक्षेत्र विकास प्रस्ताव के लिए 150 करोड़ करोड़ की मंजूरी दी थी.

काम की शुरुआत हुई व सरकार बदल गई. काम कछुआ गति से जारी है.पहले हप्ते के लिए 49.28 करोड़ मंजूर राशि के काम शुरू हुए. वर्ष 2018 से बन रहे गेट के काम अधूरे है. पूर्व विधायक डी. मल्लिकार्जुन रेड्डी ने स्वयं के खर्चे से बनाये द्वार रामटेक की शान बढ़ा रहे है. वित्त राज्य मंत्री आशीष जायसवाल ने रामटेक विकास के लिए 211 करोड़ से अधिक की राशि रामटेक के विकास के लिए मंजूर होने की बात विधायक रहते हुए कही है. इसके साथ रोप वे मंजूर होने की बात कही है परंतु अभी भी काम की शुरुआत नहीं हुई. 5 साल से गड़ मंदिर का यात्री निवास का काम शुरू है जो अभी तक पूरा नहीं हुआ. राममंदिर पुरातत्व विभाग के अधीन है और विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है. वराह प्रवेशद्वार व

पुरातत्व विभाग नहीं दे रहा ध्यान

प्रथम द्वार वराहा दरवाजा पर दरारें आने से अस्थायी लोहे का स्पोर्ट बीच रास्ते में लगाया गया है. अब हालात यह है कि 5 फुट का सामान भी गेट से जाना मुश्किल है. भैरव दरवाजा में ऊपरी ओर सपोर्ट लगाया गया है. परंतु वहां रखरखाव नहीं होने से लोहे को जंग लग रहा है. पुरातत्व विभाग को दुरुस्ती देखभाल के बारे में पूछे जाने पर पैसे नहीं होने का कारण बताया जाता हैं.

राममंदिर का मुख्य भैरव प्रवेशद्वार को दरारें पड़ गई है. वहां अस्थायी रूप से लोहे का सपोर्ट लगाया है. प्रवेशद्वार को लगे लकड़े के दरवाजे सड़ गये है. मंदिर का इतिहास बताने के लिए सीमेंट के चबूतरे बनाये गये परंतु मंदिर का इतिहास नहीं लिखा है. सीढ़ियों के पत्थर निकल रहे है. सीढ़ियों में दरारें गिरी हुई है. प्रवेश द्वारों पर पेड़ उगे है. इस ओर पुरातत्व विभाग का बिल्कुल ध्यान नहीं है. ऐसे से कैसे होगा विकास यह प्रश्न चिन्ह है.

हेमाडपंथी वास्तुशास्त्र से बनाया वाकाटक काल के राजाओं ने 250 से 550 तक कुल 300 वर्ष तक राज किया. उज्जैन के राजा द्वितीय चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने चौथे शतक में अपनी राजकन्या प्रभावती गुप्त का विवाह वाकाटक नंदिवर्धन (नगरधन) के राजा द्वितीय प्रवरसेन से किया. बताया जाता है कि राजकन्या प्रभावती गुप्त रामटेक गड़ मंदिर पर पादुकाओं की पूजा चौथे शतक में करती थी. उनके काल में 400 से 450 के शतक में गड़ मंदिर पर त्रिविक्रम, वराह, केवल नरसिंह, रुद्रनरसिंह, भोगराम, गुप्त मंदिर का निर्माण हुआ. उस समय पादुका पूजन होता था. भगवान श्रीराम के मंदिर का नवनिर्माण पत्थरों से 13वें शतक में यादव राजा ने किया. यह मंदिर हेमाडपंथी वास्तुशास्त्र से बनाया गया है. भगवान लक्ष्मण का मंदिर सामने व उसके पीछे भगवान राम व सीता का मंदिर है. तीनों मूर्ति वनवासी के रूप में हैं. यह विशेष बात है कि भगवान लक्ष्मण का मंदिर स्वतंत्र रूप से बनाया गया है. उसके बाद प्रथम रघुजी भोसले राजा ने 1753 में वनवासी मूर्ति की स्थापना की. रघुजी भोसले ने देवगड के स्वारी के समय प्रतिज्ञा की थी कि वह देवगड पर विजय प्राप्त होने पर राम मंदिर में मूर्ति की स्थापना करेंगे. रघुजी भोसले ने मंदिर की तटबंदी किले जैसे बनाई. यहां उनके सैनिक, तोफखाना, नगारखाना और मंदिर के सुरक्षा कर्मी रहते थे. यहां प्रवेश के लिए 4 द्वार बनाये गये है. प्रथम मंदिर प्रवेश के लिए वराह द्वार, चक्रधर मंदिर के पास शिंगणापुर दरवाजा, अगस्तीमुनी के पास भैरव दरवाजा व राम मंदिर में प्रवेश करने गोकुल द्वार है.

मंदिर के गेट जर्जर यहां पर कार्तिक पूर्णिमा व रामनवमी पर यात्रा भरती है. मंदिर जाने के लिए शहर से एक बड़ी सीढ़ियां, दूसरी छोटी सीढ़ियां व अंबाला से एक सीढ़ी व दो पक्के रास्ते है. यहां हर दिन राज्य के अलावा अन्य राज्य से लोग बड़ी संख्या में आते हैं. मंदिर परिसर में यात्रियों की ठहरने की व्यवस्था नहीं है. यात्री निवास शहर से सटे मृगविहार के पास बन रहा है. परंतु अभी काम पूरा नहीं हुआ. यदि ज्यादा यात्री आते हैं तो पार्किंग की व्यवस्था कम पड़ती है. फुल व पूजा विक्रेताओं के लिए पक्के शेड नहीं है. शुद्ध पीने के पानी की सुविधा अपर्याप्त है. मंदिर के गेट जर्जर अवस्था में है. वहां की लकड़ी व लोहे से बने पुरातन दरवाजे खराब स्थिति में है.

जेएआई हिंद महाराष्ट्र के अध्यक्ष मौलाना इलियास ख़ान फ़लाही ने जलगांव ट्रेन दुर्घटनाग्रस्तों के शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की

मुंबई: जमाअत ए इस्लामी हिंद महाराष्ट्र के अध्यक्ष मौलाना इलियास ख़ान फ़लाही ने जलगांव ट्रेन दुर्घटना के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है, उन्होंने सरकार से सुरक्षात्मक उपाय बढ़ाने का आग्रह भी किया है।

प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि "हम महाराष्ट्र के जलगांव ज़िले में दुखद ट्रेन दुर्घटना से बहुत दुखी हैं, जहां बहुमूल्य ज़िंदगियों मौत के मुंह में समा गईं और अनेकों घायल हो गए। जमाअत ए इस्लामी हिंद महाराष्ट्र की ओर से मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि अल्लाह सर्वशक्तिमान उन्हें इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करे। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना करते हैं। हम पीड़ितों के परिवारों के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित मुआवज़े की सराहना करते हैं और अधिकारियों से राहत प्रयासों में तेज़ी लाने का भी आग्रह करते हैं। समाचारों के अनुसार लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच में चिंगारी और धुएं से यात्रियों में दहशत फैल गई थी जिसके बाद ट्रेन की आपातकालीन चेन खींचने पर विवश होना पड़ा तत्पश्चात ट्रेन माहेजी और परधाडे स्टेशनों के मध्य रुक गई । आग लगने के भय से कुछ यात्री पटरियों पर कूद गए, जहां बेंगलुरु से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने उन्हें कुचल दिया"।

मौलाना इलियास फ़लाही ने कहा कि "यह दुखद घटना संकट के क्षणों में शांतिपूर्ण रहने के महत्व पर प्रकाश डालती है। घबराहट के सदैव दुखद परिणाम होते हैं, जैसा कि इस घटना में देखा गया है। हम अपने देशवासियों से आग्रह करते हैं कि वे आपातकालीन स्थितियों में तुरंत निष्कर्ष पर पहुंचने से बचें और अधिकारियों और प्रशिक्षित कर्मियों के मार्गदर्शन का पालन करें। साथ ही हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए तत्काल ठोस क़दम उठाए । हम सभी ट्रेनों में सार्वजनिक संबोधन प्रणाली स्थापित करने की पुरज़ोर अनुशंसा करते हैं जैसा कि विमान सेवाओं में होता है। इस प्रकार आपात स्थिति के दौरान स्पष्ट संचार को सुनिश्चित किया जा सकेगा । इसके अतिरिक्त कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने से ऐसी स्थितियों की प्रभावी निगरानी और प्रबंधन में सहायता मिलेगी। रेल मंत्रालय के पास ट्रेनों की देखभाल के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा मार्शल होने चाहिए। इन उपायों से न केवल गलत सूचनाओं के फैलाव को रोका जा सकेगा बल्कि यात्रियों में सुरक्षा की भावना भी पैदा होगी। सरकार को हाल के वर्षों में बड़ी दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रेनों में सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए नए सिरे से अध्ययन करना चाहिए।''

अब मनपा के पास होगी नागपुर शहर के विकास की जिम्मेदारी

नागपुर. शहर के विकास के लिहाज से एक महत्वपूर्ण निर्णय होने जा रहा है. इस निर्णय के हिसाब से नागपुर शहर के लिए अब एक ही विकास प्लान रहेगा, जिसकी जिम्मेदारी नागपुर महानगर पालिका की होगी. दरअसल शहर के ऐसे हिस्से जहाँ विकास एजेंसी के तौर पर नागपुर सुधार प्रन्यास को जिम्मेदारी है उसे लेकर अब सरकार एक निर्णय लेने वाली है. इस निर्णय के मुताबिक शहर के विकास का प्लान तैयार किये जाने की जिम्मेदारी नागपुर महानगर पालिका को दी जाने वाली है. नागपुर शहर के विकास के लिए अब एक ही विकास प्लान तैयार किया जायेगा। मुंबई में पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की अध्यक्षता में नागपुर शहर के विकास के जुड़े प्रश्नों पर बीते दिनों बैठक हुई थी. इस बैठक में इस निर्णय को लेकर जल्द ही आदेश निकाले जाने की जानकारी मनपा आयुक्त डॉ अभिजीत चौधरी ने दी है. मनपा आयुक्त ने बताया कि इस निर्णय की वजह से अब शहर के विकास का एक ही डेवलपमेंट प्लान बनाया जायेगा. शहर के ऐसे सात भाग हैं जहां विकास एजेंसी के तौर पर नागपुर सुधार प्रन्यास जिम्मेदारी संभालती है. लेकिन अब इन भागों के लिए विकास का खाका तैयार किये जाने की जिम्मेदरी नागपुर महानगर पालिका के पास आने वाली है।

होरे ने शालोम अकादमी को जीत दिलाई पांच विकेट लिए

नागपुर.

प्रियांक होरे के पांच विकेट की बदौलत शालोम क्रिकेट अकादमी ने कड़बी चौक स्थित मेकोसाबाग मेथोडिस्ट स्कूल ग्राउंड पर खेले जा रहे रॉयल प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन 9 में हुसैनी ग्रुप को सात विकेट से हरा दिया।

यह वार्षिक टूर्नामेंट रॉयल क्रिकेट एसोसिएशन, डॉ. संदीप शिंदे के बाबूजी फाउंडेशन और हाजियानी जुबेदा अब्दुल रज्जाक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए हुसैनी ग्रुप 8 ओवर में 38 रन पर सिमट गया और उसका कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। केवल कप्तान अधिरथ मोहिते और सिम्मू ने नौ-नौ रन बनाए।

शालोम अकादमी के लिए होरे ने दो ओवर में चार रन देकर पांच विकेट चटकाए। निखिल राउत और प्रवेश असुदानी ने दो-दो विकेट लिए।

शालोम क्रिकेट अकादमी ने 3.5 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

सोनू ने 14 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए। सचिन सोमकुवर 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

एक अन्य मैच में, एसके ब्रदर्स ने चार विकेट पर 135 रन बनाए और एसएंडएस स्टडी सर्किल को 147-78 रनों से हराया।

एसके ब्रदर्स के शाहनिवास खान ने 15 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से शानदार अर्धशतक बनाया, जबकि जाबाज ने 21 गेंदों पर तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 37 रन बनाए।

जवाब में, एसएंडएस स्टडी सर्किल 8 ओवर में 57-6 पर सिमट गई। समीर खान ने सबसे ज्यादा 13 रन बनाए। विजेता टीम की ओर से शाहनिवाज खान ने दो विकेट लिए।

एक अन्य मैच में, अनघा टीवीएस ओल्ड सुभेदार ने कॉप्स इलेवन को 15 रनों से हराया। अनघा टीवीएस ओल्ड सुभेदार ने 8 ओवर में 67-8 रन बनाए और फिर कॉप्स इलेवन को निर्धारित आठ ओवर में 53-8 पर रोक दिया।

दूसरे मैच में प्रतीक 11 ने सेवन स्टार को 5 विकेट से हराया मैन ऑफ द मैच टीम एस.के. भाई नाम शाहनवाज खानके हाथोंविकास वासवानी संदेश राउत सरशरद पाराशर.

वन्यजीव और मानव संघर्ष बढ़ा, जनता में डर का माहौल

> संघर्ष रोकने वन विभाग ने उठाए कई कदम

नागपुर.

जंगलों में रहने वाले बाघ अपने दायरे को तोड़कर इंसानो के बेहद करीब पहुंच रहे है. जिस वजह से जंगली-जानवरो के साथ इंसानो का संघर्ष बढ़ रहा है. बीते एक साल में पेंच टाइगर रिजर्व के आस पास बसें गावों में हुई घटनाओं में 10 से अधिक लोगों की मौत हुई है. इसी महीने 12 जनवरी को हुई घटना में एक किसान की मौत हुई थी. एक ओर जहां टाइगर रिजर्व के आस पास रहने वाले गावों के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है तो वही दूसरी ओर वन्यप्राणी और इंसानों के संघर्ष को रोकने के लिए वन विभाग कई तरहों के नए कदम उठाते हुए भी दिखाई दे रहा है।

पेंच टाइगर रिजर्व के अगल-बगल बसें गावों में बीते कुछ वक्त से दहशत का माहौल है. इंसानो के एकदम नजदीक बाघ,तेंदुए के ही साथ ऐसे जंगली जानवरो की मौजूदगी की वजहसे टाइगर रिजर्व के इर्द गिर्द बसें गावों में नागरिक डर के साये में जीने को मजबूर है. इसी महीने 12 तारीख को परशिवनी के आमगांव में दोपहर के समय काम कर रहे सहदेव सूर्यवंशी नामक किसान की बाघ के हमलें में मौत हो गयी थी. इस गांव में रहने वाले हर शख़्स ने कभी न कभी बाघ के दीदार किये है या उसकी अपने बेहद करीब होने की आहत को महसूस किया है. सुभाष धोटे खेत मजदुर है। 12 तारीख की घटना के समय सुभाष पास के ही खेत में काम कर रहे थे. और घटना के दो दिन पहले उन्होंने बाघ के प्रत्यक्ष दर्शन भी किये थे. गांव में हुई इस हालिया घटना के बाद सुभास सहमे हुए है. डर की वजह से उन्होंने खेत में काम पर जाना बंद कर दिया है. उनका काम बकरी चराने का है उन्होंने इस घटना के बाद अपनी बकरियों को बेच दिया है. किसान के हमले में मृत सहदेव के घर में मातम पसरा हुआ है. सहदेव की पत्नी जंगल से निकलकर इंसानो की बस्ती में विचरण कर रहे बाघों पर नियंत्रण के साथ उचित मदत की मांग कर रही है. पेंच टाइगर रिजर्व के आसपास इन दिनों पांच बाघों के लगातार विचरण किये जाने की जानकारी ग्रामीणों ने दी है. हालाँकि इस दावे की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है. बावजूद इसके वन विभाग नागरिकों की बात को मानते हुए बाघों को नियंत्रित किये जाने के प्रयास में जुटे होने का दावा कर रहा है. ग्रामीणों के मुताबिक बाघ की दहशत के बीच उनका बड़ा नुकसान हो रहा है. आमगांव ने मौजूद थी वो दिन था शुक्रवार का और रात को आठ बज रहे थे. लेकिन सारे गांव में सन्नाट था. हमें अपनी आप बीती और बातों को बताने के लिए ये सभी ग्रामीण इकट्ठा हुए थे. बाघ की वजह से ग्रामीणों की दिक्कतों के बीच वन विभाग जंगली जानवरों और इंसानो के संघर्ष को रोकने के लिए कई तरह के कदम भी उठा रहा है. बीते एक साल में पेंच टाइगर रिजर्व के आस पास के इलाकों में बाघ के हमलों में 10 से अधिक ग्रामीणों की मृत्यु हुयी है.

पेंच में मौजूदा समय में 55 बाघ है. जो स्थिति उसके मुताबिक वो जंगल के अपने दायरे को तोड़ रहे है. इससे मानव से उनका संघर्ष बढ़ रहा है. इस संघर्ष को रोकने के लिए ग्रामीणों के बीच जनजागृति की जा रही है. और तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है. जंगली जनवरों पर निगरानी रखने के लिए वर्चुअल वॉल टाईगर रिजर्व के बफर ज़ोन में लगाए गए है. इसके साथ ही आपात स्थिति में जंगली जानवरो से बचाव के लिए ग्रामीण युवकों को अपने साथ जोड़कर प्राईमरी रिस्पॉस टीम तैयार की गयी है.

शासन के आयोजन आनंद उत्सव का लोगों ने लिया लाभ

>आनंद उत्सव के तहत 5 दिन का हैपिनेस कोर्स पूरा किया

सोंसर.

सोंसर में आनंद उत्सवः सत्संग, भजन संध्या और हैप्पीनेस कोर्स से लोगों ने पाई आनंद की अनुभूति मध्यप्रदेश सरकार के आनंद उत्सव के तहत आयोजित सत्संग, भजन संध्या और आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस कोर्स ने सौसर क्षेत्र के नागरिकों को गहरी आत्मिक शांति और आनंद का अनुभव कराया। यह आयोजन लोगों को मानसिक शांति, तनावमुक्त जीवन और आध्यात्मिक उन्नति की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया।

आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों द्वारा आयोजित हैप्पीनेस कोर्स में प्रतिभागियों ने सुदर्शन क्रिया सीखी, जो एक प्राचीन योगिक प्रक्रिया है। इस क्रिया के माध्यम से प्रतिभागियों ने गहरी सांसों और ध्यान के जरिए अपने भीतर की ऊर्जा को संतुलित करने का अनुभव किया। सुदर्शन क्रिया से जुड़ी एक प्रतिभागी ने बताया, "इस क्रिया ने मुझे तनाव से मुक्ति दिलाई और अंदर से शांति महसूस हुई।"

सुदर्शन क्रिया के साथ ही सत्संग और भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भक्तिमय गीतों ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। "ओम नमः शिवाय", "हरे रामा हरे कृष्णा" और "जय जय राम" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। इस आयोजन में शामिल होकर लोगों ने अपने भीतर एक नई ऊर्जा और सुकून का अनुभव किया।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों ने इसे जीवन के लिए प्रेरणादायक बताया। एक प्रतिभागी ने कहा, "आनंद उत्सव के कार्यक्रमों ने मुझे जीवन के प्रति नई दृष्टि दी है। सुदर्शन क्रिया ने न केवल मेरे शरीर को, बल्कि मेरे मन और आत्मा को भी शांत किया।"

मध्यप्रदेश सरकार का यह प्रयास समाज में सकारात्मकता और भाईचारे का संदेश फैलाने का है। आनंद उत्सव के माध्यम से प्रदेशवासियों को तनावमुक्त जीवन और आध्यात्मिकता के महत्व को समझाने के लिए यह विशेष पहल की गई है।

पुलिस कम्युनिकेशन सेंटर का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न

पांढुर्ना.

जिला पांढुर्ना के सौसर में पुलिस कम्युनिकेशन सेंटर के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य अवसर पर क्षेत्र के कई सम्मानित नेता, प्रशासनिक अधिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद विवेक बंटी साहू उपस्थित थे। उनके साथ पूर्व राज्य मंत्री एवं पूर्व विधायक नानाभाऊ मोहड़, पूर्व विधायक अजय चौरे और जिले के कलेक्टर श्री शर्मा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान जिले के पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह कनेश और छिंदवाड़ा के एसपी सुंदर सिंह कनेश ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजू परमार, संतोष जैन, अज्जू ठाकुर, और कृष्णकांत धोबड़े सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नगर पालिका अध्यक्ष घाटोडे जी, पांढुर्ना और सौसर विधायक संजय राठी, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष डागा मैडम, होमेश्वर मोहोड़, दिनेश लाड़सेजोगी, कुमरे कृष्णा सरयाम, मंडल अध्यक्ष, और पार्षद गण भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेता, मीडिया प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम को भव्यता मिली। इस अवसर पर पुलिस कम्युनिकेशन सेंटर के महत्व और इसके क्षेत्र में होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया।

आसमान में अद्भुत खगोलीय नजारा

> शहर के गगन में दिखे एक साथ छह ग्रह

नागपुर.

नागपुर के आसमान में शनिवार रात एक दुर्लभ खगोलीय नजारा देखने को मिला। जिसे 'ग्रहों की परेड' कहा जाता है। एक ही लाइन में शुक्र, मंगल, बृहस्पति, शनि, नेपच्यून और यूरेनस समेत

६ ग्रह दिखाई दिए। इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए रमन विज्ञान केंद्र में खगोलप्रेमियों की भीड़ उमड़ पड़ी।

शनिवार की रात, आसमान में यह अद्भुत दृश्य दिखा। शुक्र, मंगल, बृहस्पति, शनि, नेपच्यून और यूरेनस ने एक साथ आकाश में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह दुर्लभ संयोग 'ग्रहों की परेड' कहलाता है।

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के मुताबिक, ऐसा नजारा बेहद कम देखने को मिलता है। खगोलप्रेमी रात में मौसम साफ रहने पर लोग इस घटना को नंगी आंखों देख सके। इस घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में खगोलप्रेमी रमन विज्ञान केंद्र पहुचे.

इस ग्रहों की परेड में शुक्र इन ग्रहों में सबसे चमकीला दिखा, जबकि मंगल अपने लाल रंग से अलग पहचान बना रहा था। यह नजारा रात के अंधेरे में तीन घंटे तक दिखा, जब तक कि शुक्र और शनि क्षितिज के नीचे नहीं डूब गए। ग्रहों की यह परेड 18 जनवरी से शुरू होकर फरवरी की शुरुआत तक जारी रहेगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसी घटनाएं अंतरिक्ष के कई रहस्यों को समझने में मददगार होती हैं।

निवेशकों को आकर्षित कर रहा भारत

नई दिल्ली. विश्व आर्थिक मंच वार्षिक बैठक के समापन पर मीडिया से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि वैश्विक कंपनियां भारत को लेकर बहुत उत्साहित हैं, मौजूदा कंपनियां विस्तार करने की योजना बना रही हैं। कई नई कंपनियां देश में अपना कारोबार स्थापित करना चाहती हैं। रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि कई नई सेमीकंडक्टर कंपनियों ने भी अपनी रुचि दिखाई है, जबकि उनके मंत्रालय ने नए चिपसेट बनाने का काम भी शुरू किया है। इन्हें भारत में डिजाइन और निर्मित किया जाएगा।

वैष्णव ने यह भी कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, एक समय था जब लोग केवल लागत के आधार पर किसी गंतव्य का मूल्यांकन करते थे। लेकिन आज किसी भी मूल्यांकन में पहला कारक विश्वास है और यह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से हमारी विदेश और आर्थिक नीतियों के माध्यम से दुनिया के सामने एक मानक स्थापित किया है, उसमें विश्वास का तत्व बहुत बड़ा है।

शुभांक		
श्रीदेवी	120-3	770-4
श्रीदेवी नाईट	279-8	346-3
प्रभात	345-2	589-2
प्रभात नाईट	135-9	-
डायमंड	457-6	346-3
मेन बाजार	156-2	479-0
मिलन डे	277-6	280-0
मेन रतन	360-9	456-5
कल्याण	489-1	369-8
राजधानी डे	339-5	580-3
राजधानी नाईट	337-3	158-4
कुबेर डे	-	-
डायमंड नाईट	556-6	124-7

CMYK

आपको एवं आपके परिवार को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संकलन : सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी (उपसंपादक / स्पेशल रिपोर्टर) मो. 988127088, 9604758944

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
ॲड.सुलेखाताई कुंभारे
राष्ट्रीय सदस्य, अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार
अध्यक्ष, ओगावा सोसायटी
अध्यक्ष, डॉ. बाबासाहब आंबेडकर सांस्कृतिक व संशोधन
पूर्व मंत्री, महाराष्ट्र शासन
संस्थापक 3 ध्यक्ष, बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच
दिपक सीरिया पूर्व उपाध्यक्ष कामठी छावनी परिषद
चंद्रशेखर लांजेवार बरिएमं कॅन्टोनमेंट अध्यक्ष पूर्व उपाध्यक्ष, छावनी परिषद
अजय कदम बरिएमं महासचिव न.प.पूर्व उपाध्यक्ष
दिपांकर गणीवर अध्यक्ष, कामठी शहर अध्यक्ष, वृतपत्र विक्रेता संघ
बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच

RKS PUBLIC SCHOOL
ADMISSION OPEN For NURSERY TO Std IX
Jaripatka Police Station Road, Nara
8956785080 8888450698
RKS PUBLIC SCHOOL
Jaripatka Police Station Road, Nara
NURSERY to Std. IX
ADMISSION OPEN
OUR FACILITY: Computer Lab, Swimming Pool, Cricket, Skating Class, Karate Class, Basket Ball
M.8087955831 8956785080
Happy Republic Day
Dr. Rajkumar Khiyani Founder
Smt. Usha Khiyani Secretary
Dr. Akash Khiyani President
RKS PUBLICS SHCOOL, JARIPATKA, NAGPUR

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शोएब असद
उपाध्यक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस अल्पसंख्यक महाराष्ट्र प्रदेश

समाजवादी पार्टी की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मायाताई चवरे
समाजवादी पार्टी
अध्यक्ष, महा.प्रदेश महिला सभा व पूर्व नगराध्यक्ष कामठी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अहफाज अहमद
पूर्व उपाध्यक्ष, नगर परिषद, कामठी
अध्यक्ष, रब्बानी क्लब, कामठी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश (लाला) खंडेलवाल
जिला सदस्य, भाजपा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत नायडू
पूर्व अध्यक्ष, भाजपा भिलगांव
संचालक, डीआरएल कंस्ट्रक्शन

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरिता रंगारी सरपंच, ग्राम पंचायत येरखेडा
सुमेध रंगारी सदस्य, पंचायत समिती, कामठी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रितेश मानसिंग यादव अध्यक्ष, छावनी क्षेत्र कांग्रेस
सोमेश जेटली उपाध्यक्ष, छावनी क्षेत्र कामठी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पावार) की ओर से गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
विशाल गाडबैल तालुका अध्यक्ष
अर्चना वि. गाडबैल सदस्य, वडोदा ग्रा.पं.

शिवसेना (उबाठा) पार्टी कामठी शहर की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत खोब्रागडे
अध्यक्ष, कामठी तालुका कामगार सेना

प्लस प्वाइंट ट्यूशन क्लासेस
आपको एवं आपके परिवार को गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
10,11,12 वीं की सभी विषयों की अनभवी शिक्षकों द्वारा ट्यूशन क्लासेस ली जाती है।
तारसा रोड, कन्हान प्रोप्रा. मो. सलमान शेख

प्रीति ट्यूशन क्लासेस
आपको एवं आपके परिवार को गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
4थी से 9वीं तक सभी विषयों की अनभवी शिक्षकों द्वारा ट्यूशन क्लासेस ली जाती है।
माउली रोड, मनसर प्रोप्रा. सौ.प्रीति मैडम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय नंदनवार
मुख्याध्यापक, नवयुक उच्च प्राथमिक शाला, गौतम नगर, कामठी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज विमल नागोराव साबरे सरपंच
अंकिता कोविद तडेकर उपसरपंच
अमोल अशोक वाघ सचिव
अरविंद डोंगरे सदस्य
प्रदीप सपाटे सदस्य
स्वप्निल फुकटे सदस्य
आमिर खान सदस्य
सुनिल चलपे सदस्य
मयुर गणेर सदस्य
सौ. मंगला ठाकरे सदस्य
सौ. इंदू पाटील सदस्य
सौ. रश्मी चौधरी सदस्य
सौ. अर्चना ठाकरे सदस्य
सौ. स्मीता भोयर सदस्य
सौ. सुनिता नंदेश्वर सदस्य
रनाला ग्राम पंचायत तालुका कामठी, जि. नागपुर
समय-समय पर मकान किराया, जल कर, स्वास्थ्य कर एवं अन्य करों का भुगतान कर गांव के विकास में सहयोग करें

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ECO-LOGICAC FOUNDATION
E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY
SAVE DEMOCRACY SAVE NATION
26 जनवरी 2025
गणतंत्र दिवस के अवसर पर
76 मिटर फ्लॅग रैली
सुबह 10 बजे से...
स्थान : वाल्मिकी मंदिर मेन रोड से नगर परिषद, कामठी
डॉ. (प्रा.) अभिषेक चिमणकर
M.A.,M.Phil.,NET.,Ph.D.
(M: 9960462058)